प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर—अजमेर

दिनांक: 05.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

....

प्रदेश में विभिन्न राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं के चुनावी दौरो के तहत भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चूरू में पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र झाझडिया के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे है। सभा में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड मौजूद है। इस अवसर पर श्री मोदी ने पिछले दस वर्षो में देश में हुए विकास कार्यो का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में इस दौरान काफी मजबूती आई है। प्रधानमंत्री का कल पुष्कर में जनसभा का कार्यक्रम है। वे वहां नागौर और अजमेर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने बताया कि पीएम मोदी की चुनावी सभा को पार्टी ने 'विजय संकल्प सभा' का नाम दिया है। इस बीच आज कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिये अपना घोषणा पत्र जारी किया। नई दिल्ली में काग्रेस मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

....

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की आज जांच की जा रही है। कल नामांकन का अंतिम दिन था। इस चरण के लिए प्रदेश की 13 सीटों के वास्ते 216 प्रत्याशियों ने 304 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये है।

....

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत आज से होम वोटिंग के लिये मतदान प्रकिया शुरू हो गई है। इस चरण में 13 अप्रैल तक सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान दल घर—घर जाकर पात्र मतदाताओं को मतदान करवाएंगे। इस चरण से वंचित रहे मतदाताओं को होम वोटिंग के दूसरे चरण के तहत 15 और 16 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। जयपुर में भी होम वोटिंग कराई जा रही है। इसी के तहत 93 वर्षीय वयोवृद्ध जस्टिस वी एस दवे ने मतदान किया। उन्होंने निर्वाचन आयोग की इस पहल को सराहनीय बताया है। होम वोटिंग में 85 साल से अधिक आयुवर्ग और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को ये सुविधा दी जा रही है।

....

निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन प्रयासरत है। इसी को लेकर जोधपुर संभागीय आयुक्त बी एल मेहरा ने आज पोकरण उपखंड कार्यालय में बैठक लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निष्पक्ष और निर्भीक निर्वाचन के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंध, संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बल की तैनाती की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में लगातार निगरानी के निर्देश दिए। इस अवसर पर सम्भागीय आयुक्त ने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए बीएलओं को कार्ययोजना बनाकर चिन्हित क्षेत्रों में विशेष गतिविधि आयोजित करने को कहा। सांचौर के रानीवाडा में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में निकाले गये फ्लैग मार्च से भय मुक्त मतदान करने का संदेश दिया गया। इस बीच स्वीप गतिविधियों के तहत श्री गंगानगर के करणपुर में रैली निकालकर स्वास्थ्य केन्द्रों पर मतदान की शपथ दिलाई गई। जोधपुर में मतदाता जागरूकता के लिये मेहंदी, निबंध और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उधर भरतपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में वोट फोर नेशन थीम को लेकर मानव आकृति बनाकर मतदान का संदेश दिया गया।

....

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने लगातार सातवीं बार रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आज द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की और रेपो रेट को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर ही बरकरार रखा। उन्होंने कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद दर सात प्रतिशत और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रा स्फीति चार दशमलव पांच प्रतिशत पर रहने की संभावना है।

....

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं को विद्यार्थियों मे टोलफ्री मेंटल हेल्पलाइन के बारे में जागरूकता लाने के निर्देश दिए है। आयोग ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को लिखा है कि स्वास्थ्य मंत्रालय का टेलिमानस मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन सराहनीय काम कर रहा है और लोगों को इस बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। आयोग ने उच्च शिक्षण संस्थाओं को इसका व्यापक प्रचार करने को कहा है। टेलिमानस हेल्पलाइन हर दिन चौबीसों घंटे निशुल्क उपलब्ध है। स्वास्थ्य और परिवार कल्यारण मंत्रालय ने साल 2022 में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर इसकी शुरूआत की थी।

....